# ऑनलाइन वेट/व्रेट परीक्षा हेतु दिशा–निर्देश

## परीक्षा तिथि 30 सितम्बर एवं 01 अक्टूबर, 2021

### आगामी प्रक्रिया के लिए महत्वपूर्ण तिथियां

1. रोल लिस्ट की घोषणा – 25.09.2021
2. प्रवेश पत्र डाऊनलोड करना – 25.09.2021 से 30.09.2021
3. मॉक टेस्ट की तिथियां – 27.09.2021, 28.09.2021
4. प्रवेश परीक्षा तिथि – 30.09.2021, 01.10.2021 (पूर्व में अधिसूचित)
5. आवेदन पत्र में माता/पिता का नाम, पता आदि कुछ संशोधनों के लिए उम्मीदवारों को अनुमति प्रदान करना एवं संलग्न किए गए दस्तावेजों की सूची के अनुसार अंक सूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं अन्य सुसंगत प्रमाण पत्र अपलोड करने के लिए निर्देशित करना – 02.10.2021 से 06.10.2021
6. परिणाम की घोषणा – 06.10.2021 (पूर्व में अधिसूचित)

### विवरण

1. उम्मीदवारों की प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन वीक्षण करते हुए ली जाएगी। इसे रिमोट प्राक्टर्ड परीक्षा भी कहा जाता है।

2. यह परीक्षा पूर्व निर्धारित तिथि/समय पर आयोजित की जाएगी। कम्प्यूटर/लैपटॉप/मोबाइल पर गूगल क्रोम ब्राउजर का उपयोग करते हुए यह परीक्षा दी जा सकेगी। सर्च इंजन गूगल से नवीनतम गूगल क्रोम डाऊनलोड किया जा सकता है। उम्मीदवार वेबसाइट (http://gguonline.in/ ) पर जाकर अपने कम्प्यूटर को चेक कर सकते हैं।

3. प्रवेश परीक्षा में लॉग–इन करने के लिए उम्मीदवार अपने आवेदन क्रमांक/ईमेल आईडी/अनुक्रमांक (जैसा प्रवेश पत्र में उल्लेखित है) एवं ई–मेल पर भेजे गए पासवर्ड का उपयोग करें।

4. सिस्टम के सुचारू सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवारों को प्रवेश परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पूर्व ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल पर लॉग–इन करना है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा तिथि के पूर्व परीक्षा पोर्टल पर मॉक टेस्ट दें, ताकि वे पहले ही परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह जान सकें। मॉक टेस्ट के दौरान उन्हें मुख्य परीक्षा के विशिष्ट एच्छिक विषयों की जानकारी होगी, जो उन्होंने पंजीयन कराते समय चुना है।

5. जैसे ही उम्मीदवार परीक्षा हेतु लॉग–इन करेगा, उसे स्क्रीन पर टेस्ट दिखाई देगी। उम्मीदवारों केलिए कैमरा का सत्यापन होते ही वे विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा पोर्टल पर टेस्ट प्रारम्भ कर सकेंगे।

6. प्रश्न पत्र हल करने के लिए कुल 120 मिनट दिए जाएंगे। इस अवधि में प्रश्नों के उत्तर देना, टेस्ट का नेवीगेशन एवं फोटो का सत्यापन भी शामिल है।

7. उम्मीदवार को इस तरह बैठना है कि उसका चेहरा लैपटॉप / कम्प्यूटर / मोबाइल के कैमरे में साफ–साफ दिखाई दे। उम्मीदवार जिस कमरे में बैठ कर परीक्षा देगा, वहां पर्याप्त रौशनी हो तथा कोई अन्य व्यक्ति उस कमरे में प्रवेश न करे।

8. परीक्षा के दौरान पूरे समय तक कम्प्यूटर / लैपटॉप के वेबकैम एवं मोबाइल के सामने स्थित कैमरे से उम्मीदवार की गतिविधियों की निगरानी की जाएगी एवं इसकी रिकार्डिंग भी की जाएगी।

9. यदि उम्मीदवार किसी दूसरे से बात करना, स्क्रीन शेयर करने का प्रयास, अपना स्थान छोड़ना जैसे अनुचित / संदिग्ध कृत्य में संलिप्त पाया जाता है, तो ऑनलाइन वीक्षक उसकी परीक्षा तत्काल रोक सकता है या रद्द कर सकता है।

10. टेस्ट की दौरान किसी प्रकार के ब्रेक या टॉयलेट जाने की अनुमति नहीं होगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि यदि वे चाहें तो परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व अपने साथ पानी रख सकते हैं।

11. ऑनलाइन परीक्षा के लिए न्यनतम आवश्यक उपकरण / सामग्री ऑनलाइन परीक्षा में शामिल होने के लिए (अ) से (स) तक उल्लेखित निम्न उपकरणों / सामग्री की आवश्यकता होगी–

(अ) डेस्कटॉप / लैपटॉप / मोबाइल :

ब्राउजर – कम्प्यूटर में गूगल क्रोम ब्राउजर इंस्टाल होना आवश्यक है। किसी अन्य ब्राउजर में टेस्ट दे पाना सम्भव नहीं।

**कंप्यूटर/लैपटॉप में तिथि एवं समय भारतीय समयानुसार होना चाहिए।**

वीडियो / ऑडियो–लैपटॉप / कम्प्यूटर / मोबाइल में 1.3 मेगापिक्सल का वेबकैम / कैमरा एवं अच्छी गुणवत्ता का माइक्रोफोन रहना आवश्यक है।

**आपरेटिंग सिस्टम–**विंडोज़ 7, 8 या 10 / एन्ड्रायड (क्रोम ब्राउजर) / एपल (काम ब्राउजर) / रैम एंड प्रोसेसर–4 जीबी+रैम, i 3 पांचवा जनरेशन 2.2 गीजाहर्ट्ज या इसके समतुल्य या अधिक।

(ब) निर्बाध विद्युत आपूर्ति (यूपीएस / इन्वर्टर)

(स) न्यूनतम 2 एमबीपीएस (4 जी / वाई–फाई) या इससे अधिक रफ्तार का इंटरनेट / अच्छी गुणवत्ता का कैमरा, जो टेस्ट के दौरान इंटरनेट से कनेक्ट हो।

# वेट एवं ब्रेट के लिए क्या करें एवं क्या न करें ?

1. उम्मीदवार पृथक कक्ष/परिवेश में प्रवेश परीक्षा देगा।
2. उक्त स्थान में या लैपटॉप/मोबाइल के पीछे समुचित प्रकाश व्यवस्था होनी चाहिए। वहां पर्याप्त रौशनी होनी चाहिए, ताकि साफ दिखाई दे। अभ्यर्थी के पीछे तेज या चमकदार प्रकाश न हो, जिससे लैपटॉप/कम्प्यूटर वेबकैम पर तस्वीर धुंधली न दिखे।
3. उक्त स्थान में किसी प्रकार का शोर न हो और न ही आसपास किसी का आना-जाना हो। कम्प्यूटर/बाह्य वेबकैम (यदि आंतरिक वेबकैम की सुविधा न हो) कुंजी पटल/माउस को छोड़कर अन्य सभी चीजों (यदि हो) को मेज से हटा दें। कक्ष में अकेले नहीं होने, पर्याप्त रौशनी नहीं होने, प्रवेश परीक्षा के क्षेत्र में अन्य कम्प्यूटर या समरूप उपकरण होने पर निरीक्षक उम्मीदवार को परीक्षा देने से रोक सकता है।
4. केवल निर्धारित समय सीमा में परीक्षा ली जाएगी।
5. उम्मीदवार को परीक्षा से 30 मिनट पहले लाग-इन करना है।
6. परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
7. उम्मीदवार का पोशाक गरिमामय हो।
8. प्रवेश परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी को किसी से बात नहीं करना है और न ही जोर से पढ़ना है।
9. आपात स्थिति या किसी प्रकार की तकनीकी समस्या होने पर उम्मीदवार, वीक्षक की अनुमति से सहायता केंद्र (हेल्प डेस्क) में बात कर सकते हैं।
10. उम्मीदवार को हेडफोन्स, इयरबड्स या सुनने के किसी तरह के उपकरण का प्रयोग नहीं करना है।
11. उम्मीदवार को किसी अन्य व्यक्ति से किसी भी माध्यम से संवाद नहीं करना है।
12. उम्मीदवार को प्रवेश परीक्षा के दौरान वेबकैम या माइक को बंद या वेबकैम को ढंकना नहीं है।
13. उम्मीदवार को प्रवेश परीक्षा विंडो से अलग नहीं हटना है।

ब्राउजर

1. उम्मीदवार का चेहरा लैपटॉप/कैमरा व्यू के मध्य में होना चाहिए।
2. दृश्य को बाधित करने के लिए कैमरा का एंगल बदलने पर ऑनलाइन वीक्षक परीक्षा बंद कर सकते हैं।
3. उम्मीदवार को लैपटॉप/डेस्कटॉप स्क्रीन से इतर नहीं देखना है, अपना चेहरा कम्प्यूटर स्क्रीन के सामने रखना है।
4. उम्मीदवार को प्रश्नों का उत्तर देने के लिए किसी प्रकार की सहायता या शैक्षणिक सामग्री/मोबाइल देखने के लिए प्रयास नहीं करना है।
5. पेपर पर ''फिनिश'' बटन दबाने से पहले उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना है कि उसने सभी प्रश्न हल किया है और प्रत्येक उत्तर के सही होने की जांच की है। एक बार जमा करने पर (चाहे गलती से ही क्यों न हो) दोबारा परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
6. प्रवेश परीक्षा के दिन परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए अभ्यर्थी को अपने मोबाइल/लैपटॉप/पर्सनल कम्प्यूटर को लॉग आउट/स्विच–ऑफ करने की अनुमति नहीं है। ऐसा करने पर वीक्षक उम्मीदवार को परीक्षा देने से रोक सकते हैं।
7. वाशरूम जाने के लिए कम्प्यूटर को लॉग–आउट/स्विच–ऑफ करने की अनुमति नही है। ऐसा करने पर वीक्षक उम्मीदवार को परीक्षा देने से रोक सकते हैं।
8. परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर या अन्य उपकरणों के प्रयोग की अनुमति नहीं है। ऐसे उपकरणों के प्रयोग पर वीक्षक उम्मीदवार को परीक्षा से वंचित कर सकते हैं।
9. दिव्यांग उम्मीदवार किसी प्रकार की सहायता के लिए भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अधीन आवेदन कर सकते है ।

प्रवेश परीक्षा पर रोक/निरस्तीकरण

1. यदि उम्मीदवार अनुचित/संदिग्ध व्यवहार में संलिप्त पाया जाता है, तो वीक्षक परीक्षा रद्द कर सकते हैं।

2. किसी प्रकार के कदाचरण की स्थिति में, परिस्थितियों के अनुसार वीक्षक तत्काल परीक्षा निरस्त कर सकते हैं।

3. प्रवेश परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अनुचित गतिविधि (नकल) की स्थिति में, प्रवेश परीक्षा का परिणाम निरस्त किया जा सकेगा और ऐसे उम्मीदवार सजा के लिए उत्तरदायी होंगे। विश्वविद्यालय ऐसे उम्मीदवार के अनुचित व्यवहार व उसे दी गई सजा की जानकारी भी उसके नियोक्ता को देगा, यदि वह नियोजित है।

4. यदि प्रवेश परीक्षा के बाद अनुचित कार्य प्रमाणित होता है, तो प्रवेश परीक्षा निरस्त किया जाएगा और उचित विधित प्रावधानों के तहत् संबंधित उम्मीदवार सजा के लिए उत्तरदायी होंगे।

5. यदि कोई उम्मीदवार प्रश्नों की ऑनस्क्रीन कॉपी करने या स्क्रीन शॉट लेने का प्रयास करता है या फिर प्रवेश परीक्षा के नियमों का उल्लंघन करता है, तो इसे कदाचरण माना जाएगा और वह दण्ड के लिए उत्तरदायी होगा और उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी।

निजता:- ऑनलाइन निरीक्षित प्रवेश परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी एवं उनके कंप्यूटर/मोबाइल सिस्टम की छवि/विडियो/आवाज़ को प्रवेश परीक्षा निरिक्षण प्रक्रिया के लिये रिकॉर्ड कर संग्रहित रखा जा सकता है । यह माना जाएगा कि ऑनलाइन निरीक्षित प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार इसके लिए सहमत हैं ।

टीप:- 1. उम्मीदवारों को सख्त हिदायत दी जाती है कि वे मोक टेस्ट में आवश्यक रूप से भाग लें एवं अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए अपने ईमेल एवं जीजीयु अकाउंट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें । कौन्सलिग़ 11 अक्टूबर 2021 से प्रारंभ हो सकता है और शैक्षणिक शुल्क जमा करने हेतु अभ्यर्थियों को केवल दो दिन का समय दिया जाएगा ।

2. उपरोक्त उल्लेखित विषयों के सम्बन्ध में किसी प्रकार के संशय या विवाद की स्थिति में विश्वविद्यालय का निर्णय सर्वमान्य होगा ।